मांग संख्या 13

मुख्य शीर्ष 2401

मद कमांक 1

जैव नियंत्रण प्रयोगशाला, बिलासपुर की नवीन पदसंरचना पर राशि रूपये 212.15 लाख का व्यय संभावित है । यह व्यय विभागीय बचत से किया जावेगा । पदों का विवरण निम्नानुसार है :-

स.क.	पदनाम	वेतन बैंड	ग्रेड वेतन	पद संख्या
1.	उप संचालक कृषि	15600-39100	6600	01
2.	वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी	9300-34800	4300	02
3.	ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी	5200-20200	2400	02
4.	प्रयोगशाला सहायक	5200-20200	2200	02
5.	चतुर्थ श्रेणी भृत्य/चौकीदार	4750-7440	1300	02
	योग			**09**

अतः इस प्रयोजन हेतु राशि रूपये 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद कमांक 2

राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ 2008 के दावे की राज्यांश राशि के भुगतान हेतु राशि रूपये 1000.00 लाख का अतिरिक्त व्यय संभावित है । इसके लिये राशि रूपये 1000.00 लाख का आकस्मिकता निधि से अग्रिम स्वीकृत किया गया है ।

अतः इसकी प्रतिपूर्ति हेतु राशि रूपये 10,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद कमांक 3

योजना के नाम परिवर्तन हेतु प्रतीक प्रावधान की आवश्यकता है ।

अतः इस प्रयोजन हेतु राशि रूपये 100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद कमांक 4 से 6

केन्द्र प्रवर्तित योजना पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नालॉजी अंतर्गत कृषि यंत्रों का प्रचार-प्रसार हेतु राशि रूपये 8.05 लाख का व्यय संभावित है ।

अतः इस प्रयोजन हेतु राशि रूपये 8,05,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।